दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 10.05.2024

प्रकाशनार्थ

दिनांक 10.05.2024 गोरखपुर। दिविजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के प्लेसमेंट सेल, बी.सी.ए विभाग एवं बैराउंज पर्ल वेब प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के बीच महाविद्यालय के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट एवं करियर प्रोत्साहन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो. परीक्षित सिंह एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पुष्पेन्द्र द्विवेदी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।

समझौता ज्ञापन के पश्चात द्वितीय सत्र में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की कैरियर लक्ष्य ऐसे कथन हैं जो स्पष्ट रूप से उस कैरियर मार्ग को परिभाषित करते हैं जिसे कोई व्यक्ति आगे बढ़ाना चाहता है। ये लक्ष्य पेशेवरों को एक कार्य योजना बनाने और उसके अनुसार उनकी प्रगति को मापने में मदद करते हैं। वे व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर विचार करने और बेहतर अवसर तलाशने में मदद करते हैं। वे किसी व्यक्ति को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित रखने में मदद करते हैं। हालाँकि, किसी को सावधान रहना चाहिए कि अवास्तविक करियर लक्ष्य निर्धारित न करें क्योंकि इससे निराशा हो सकती है और परिणामस्वरूप, विफलता हो सकती है। अपने करियर लक्ष्यों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, आप उन्हें छोटे–छोटे लक्ष्यों में विभाजित कर सकते हैं जिन्हें कम समय में पूरा किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा की मौजूदा परिस्थिति में किताबी कीड़ा बनकर या डिग्रियों का ढेर लगाकर सफलता की कामना नहीं की जा सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

प्रो. परीक्षित सिंह, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर ने प्लेसमेंट सेल द्वारा इस प्रकार के आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा की जीवन के कुरुक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास विकसित किया जाए तो करियर के कुरुक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ–साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े। कार्यशालाओं और व्यक्तित्व विकास वाली संस्थाओं में यही सब तो किया जाता है।

इस अवसर पर अतिथियों सहित सभी का स्वागत डॉ. अनुराधा सिंह ने किया ,कार्यक्रम का संयोजन डॉ हरिशंकर गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ पवन पांडेय, डॉ अरविंद मौर्य, डॉ मुदित दुबे, श्री दिनेश जायसवाल, सी.ई.ओ. नरेन्द्र कुष्ण, ब्रान्च मैनेजर शुभम तिवारी टेक्निकल एक्सपर्ट, श्री लक्ष्मण थापा सहित बीसीए विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क